**कोर 5-ए, तृतीय तल-पांचवां तल, भारत पर्यावास केंद्र, लोधी रोड,**
**नई दिल्ली-110 003**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

20 दिसंबर, 2016

राष्ट्रीय आवास बैंक राजपथ, नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के समारोह हेतु रिजर्व बैंक के राष्ट्रीय स्तरीय पैनल(विज्ञापन) और एनएचबी के पैनल में शामिल (विज्ञापन) , से मुहरबंद निविदा प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

इच्छुक प्रतिभागियों के पास राजपथ, नई दिल्ली में **कम से कम 5 गणतंत्र दिवस परेडों के लिए जिसमें से 3 झाँकियां (संगीत, कोरियोग्राफ़ी, इत्यादि जैसे आदानों सहित) गत तीन वर्षों (अर्थात् 2014-2016)** में निकाली गई हों, झाँकी तैयार व प्रस्तुत करने का पर्याप्त अनुभव हो और वे इस कार्य को तैयार स्थिति में देने के लिए राजी हों। अपेक्षित अवधि के दौरान पुरस्कार जीतने वाले पार्टियों के पास एक अतिरिक्त योग्यता का होना समझा जाएगा।

यह ध्यान दिया जाए कि वे पार्टी जिनके पास अपेक्षित अनुभव न हो, आवेदन न करें।

नियम एवं शर्तों के साथ निविदा इसके साथ संलग्न है और उसे www.nhb.org.in वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

सहायक दस्तावेजों के साथ अपेक्षित अनुभव विवरण को **सहायक महाप्रबंधक, राष्ट्रीय आवास बैंक, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन एंड ट्रेनिंग डिवीज़न, कोर 5ए, चतुर्थ तल, भारत पर्यावास केंद्र, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 के पास 23 दिसंबर, 2016 को सांय 4.00 बजे तक** प्रस्तुत किया जाए और इसे उसी दिन अथवा अगले दिन **सांय 5 बजे** इच्छुक निविदाकर्ता जो उपस्थित होना चाहें, की मौजूदगी में खोला जाएगा।

राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK

# निविदा आमंत्रण सूचना

20 दिसंबर, 2016

विषय:- दिनांक 26 जनवरी, 2017 को राजपथ, नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के लिए 'रा.आ. बैंक की झाँकी' तैयार करने हेतु निविदा

**उद्देश्य**

इस झाँकी का उद्देश्य भारत सरकार के सर्वोत्कृष्ट कार्यक्रम प्रधानमंत्री आवास योजना जिसमें 2022 तक सबके लिए आवास की बात परिकल्पित है, को दर्शाना है।

| **बोली विवरण** | | |
|---|---|---|
| 1. | बोली दस्तावेजों की प्राप्ति की अंतिम तिथि | 23 दिसंबर, 2016<br>सांय 4.00 बजे |
| 2. | तकनीकी बोली खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | 23 दिसंबर, 2016<br>सांय 5.00 बजे |
| 3. | संपर्क व्यक्ति | श्री मोहित कौल, सहायक महाप्रबंधक<br>श्री राजकुमार नेगी, उप प्रबंधक |
| 4. | बोलियों के खोलने का स्थल | राष्ट्रीय आवास बैंक,<br>कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन सेल<br>प्रधान कार्यालय<br>कोर 5-ए, तृतीय तल, भारत पर्यावास केंद्र, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 |

**बोली-पूर्व बैठक**

एजेंसियां अपने प्रश्न, यदि कोई हों, के स्पष्टीकरण के लिए दूरभाष सं. 011-2464 9037 अथवा +91-8130393458 अथवा +91-9717691294 पर संपर्क कर सकती हैं।

**कार्य क्षेत्र:**

1. एजेंसी/सलाहकार/कलाकार रक्षा मंत्रालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले ट्रैक्टर और ट्रेलर जिसे गणतंत्र दिवस परेड के दौरान राजपथ, नई दिल्ली में प्रस्तुत किया जाना है, के ऊपर रक्षा मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति की देखरेख में अनुमोदित 3डी मॉडल के आधार पर मूल झाँकी तैयार करने में तकनीकी रूप से समर्थ हों।

2. झाँकी रक्षा मंत्रालय द्वारा दिए गए नियत समय के अनुसार पूरी तरह से तैयार हो और इस संबंध में कोई भी विलंब गंभीर दंड का हकदार होगा और झाँकी के इस समूचे कार्य, इत्यादि के लिए किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाएगा।

3. एजेंसी/सलाहकार/कलाकार झाँकी के चुने गए प्रकरण के लिए अच्छा संगीत (3 मिनट की अवधि का) देने में सक्षम हों।

4. ट्रैक्टर और ट्रेलर का निचला भाग उपयुक्त झालर से भरा हो।

**चयन मानदंड:**

फर्मों से प्राप्त बोलियों को उनकी तकनीकी दक्षता के आधार पर आंका जाएगा। तकनीकी दक्षताओं का मूल्यांकन पहले किया जाएगा और केवल अपेक्षित तकनीकी स्कोर वाली एजेंसियों ही वाणिज्यिक मूल्यांकन के लिए पात्र होंगी।

सभी इच्छुक एजेंसियां दो कोटेशनों – एक तकनीकी और दूसरा वित्तीय प्रस्तुत करेंगी।

चरण प्रक्रिया के दो चरण होंगे। तकनीकी बोली और वित्तीय बोली का भारांक क्रमश: 80% और 90% का होगा।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि अंतिम तैयारी और प्रस्तुति सबसे कम कीमत बोली पर नहीं है, प्रस्तावों का मूल्यांकन निम्नलिखित निर्धारित चयन मानदंड के अनुसार रा.आ. बैंक द्वारा गठित आंतरिक समिति द्वारा किया जाएगा:

**चरण 1: तकनीकी बोली मूल्यांकन हेतु मानदंड**

क. तकनीकी बोलियों को पहले लिया जाएगा
ख. प्रस्तुत की गयी थीम के मूल्यांकन हेतु मानदंड

| चयनित विषय | मानदंड बिंदु | प्राप्त अंक |
|---|---|---|
| राजपथ पर झाँकी तैयार करने, प्रस्तुत करने, डिजाइनिंग के क्षेत्र में कुल अनुभव<br>क. 5 वर्षों से अधिक = 40 अंक<br>ख. 2-5 वर्ष = 25<br>ग. कम से कम 2 वर्ष = 15 | 40 | |
| भारत सरकार, पीएसयू इत्यादि की मंत्रालय स्तरीय झांकी के डिजाइन और तैयारी के दायित्व का अनुभव।<br>क. 5 वर्ष से अधिक = 20 अंक<br>ख. 2+5 वर्ष = 10 अंक<br>ग. कम से कम 2 वर्ष = 5 अंक | 20 | |
| गत 5 वर्षों में जीते गए पुरस्कार (दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत) | 20 | |

| | | |
|---|---|---|
| क. 5 वर्ष से अधिक = 20 अंक<br>ख. 2+5 वर्ष = 10 अंक<br>ग. कम से कम 2 वर्ष = 5 अंक | | |
| प्रस्तुति | प्रकृति में गुणात्मक<br><br>20 | |
| **कुल अंक** | **100** | |

**नोट:**

i. बोलीदाताओं को ऊपर बताए गए प्रत्येक मानदंड के लिए सहायक दस्तावेजों की प्रतियां प्रदान करनी होंगी।

ii. चयन प्रक्रिया में दो चरण होंगे, नामत: 1) तकनीकी मूल्यांकन 2) वाणिज्यिक मूल्यांकन

iii. तकनीकी बोलियों के लिए न्यूनतम अर्हता अंक कुल 100 अंकों (प्रस्तुतिकरण हेतु अंकों सहित) में से 70 (कट-ऑफ अंक) अंक होगी और केवल कट-ऑफ अंकों से अधिक अंक प्राप्त करने वाली ये बोलियां ही वाणिज्यिक मूल्यांकन के लिए योग्य होंगी।

iv. लागू किए जाने के लिए प्रस्तावित मूल्यांकन मानदंड तकनीकी-वाणिज्यिक अर्थात् गुणवत्ता सह लागत आधारित प्रणाली (क्यूसीबीएस) पर आधारित होगा जहां तकनीकी बोली अंक को 75 और वाणिज्यिक बोली अंक को 25 का भारांक मिलेगा।

v. ऐसे बोलीदाता जो तकनीकी बोली में अर्हता प्राप्त करेंगे, केवल उन्हीं की वित्तीय बोली को खोला जाएगा। रा.आ. बैंक ऐसी एजेंसियों को उनके द्वारा प्रकट किए गए अंकों को बताए बगैर सूचित कर सकता है जिनका चयन प्रथम चरण में हुआ हो।

**चरण 2: वित्तीय बोली मूल्यांकन हेतु मानदंड**

वित्तीय बोली राउंड के लिए केवल उन्हीं फर्मों की पात्रता पर विचार किया जाएगा जो तकनीकी बोली प्रक्रिया के अपेक्षित मानदंड को सफलतापूर्वक पूरा करेंगी।

वित्तीय बोलियों का मूल्यांकन यथा निम्नानुसार होगा:

- न्यूनतम बोली को 100 अंकों का अधिकतम वित्तीय स्कोर (एफएस) दिया जाएगा (एफएस= कम बिडx100/विचारार्थ बोलियां)
- अन्य वित्तीय बोलियों के वित्तीय अंक की निम्नतम मूल्यांकन की गई वित्तीय बोली के सापेक्ष गणना की जाएगी।

क. 20% भारांक के कार्य के लिए एजेंसियों को उनके उद्धृत मूल्य के आधार पर अंक दिए जाएंगे। निम्नतम मूल्य अधिकतम को दिया जाएगा और अन्य की गणना आनुपातिक रूप से की जाएगी।

ख. यह दर तैयार स्थिति पर उद्धृत होनी चाहिए और इसमें अंतिम झांकी के तैयार करने, कोरियोग्राफ़ी, संगीत, म्यूजिक सिस्टम का प्रावधान, झांकी के विनष्टीकरण से संबंधित सभी प्रासंगिक प्रभार, तथा अन्य सभी संबंधित व्यय शामिल होने चाहिए। श्रम प्रभार, सामग्री, इत्यादि, यदि कोई हो, हेतु व्यय, झांकी निकालने में सहभागिता और अंतिम दर में रिहर्सल भी शामिल होना चाहिए।

ग. बोलियों का अंतिम चयन चरण 1 और चरण 2 में प्राप्त किए गए कुल अंकों के योग पर निर्भर होगा।

**अंतिम प्रक्रिया**

क) प्रस्तावों को निम्नानुसार लागू भारांकों के साथ तकनीकी और वित्तीय अंकों को जोड़ने से प्राप्त हुए उनके अंतिम अंक पर श्रेणीकृत किया जाएगा

अंतिम स्कोर (एफएस) = तकनीकी स्कोर XT + वित्तीय स्कोर ***XF

(T- तकनीकी बोली को दिया गया भारांक, F- वित्तीय बोली को दिया गया भारांक, T+F = 1)

*** वाणिज्यिक बोली मद Z के अनुसार:

ख) बोलियों के लिए भारांक निम्नानुसार है:

| | | | |
|---|---|---|---|
| I. | तकनीकी बोली | T | 75% |
| ii. | वित्तीय बोली | F | 25% |
| | कुल भारांक | | 100% |

ग) चयन मानदंड:

- उक्त वर्णन के अनुसार उच्चतम अंतिम स्कोर (एफएस) को प्राप्त करने वाले बोलीदाता का नाम चयनित सूची में डाला जाएगा और यदि आवश्यक हुआ तो बातचीत के लिए आमंत्रित किया जा सकता है।
- कृपया ध्यान दें कि बैंक के पास यदि उसे ऐसा करना अनिवार्य लगता है तो मूल्यांकन मापदंड, कार्यप्रणाली, वितरण अंकों और भारांक को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है।

**सामान्य नियम और शर्तें:-**

राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK

1) प्रस्ताव को दो अलग-अलग मुहरबंद लिफाफे में 'तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली' लिख कर प्रस्तुत किए जाने की आवश्यकता है। केवल पात्रता और अनुभव, इत्यादि के संबंध में सभी संबंधित दस्तावेज शामिल होंगे।

वित्तीय बोली में केवल वित्तीय प्रस्ताव शामिल होगा।

निविदाओं के मूल्यांकन के पूरा करने का कार्य इस उद्देश्य के लिए गठित एक आंतरिक समिति द्वारा किया जाएगा।

तकनीकी बोली के मूल्यांकन के बाद, केवल सफल निविदाकर्ता की वित्तीय बोली को अंतिम चयन के लिए खोला जाएगा।

असफल निविदाकर्ता की वित्तीय बोली को बिना खोले वापस लौटा दिया जाएगा।

2) फर्म सभी प्रभारों, करों, इत्यादि सहित बोली को तैयार स्थिति में उद्धृत करे।
3) झांकी की तैयारी पूरी तरह से अनुमोदित मॉडल, विनिर्देशों और रक्षा मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार हो। इच्छुक पार्टियां रक्षा मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति के दिशा-निर्देशों और अनुदेशों के तहत कार्य करने के लिए तैयार हो और रक्षा मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति के निर्देश के अनुसार झांकी के तत्वों में किसी को भी जोड़ने/ परिवर्तन करने के लिए तैयार होनी चाहिए, चाहे वह अंतिम क्षण में क्यों न हो।
4) झांकी की तैयारी में प्रयोग की गई सभी सामग्री नए ब्रांड की हो और इसे तैयार करने में उच्च गुणवत्ता सामग्री का इस्तेमाल होना चाहिए।
5) भुगतान की शर्तें निम्नानुसार हैं:
   क) गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर इस मंत्रालय की झांकी के प्रदर्शन सहित कार्य के सफल समापन के बाद एजेंसी को भुगतान किया जाएगा।
   ख) लागू आयकर या किसी अन्य कर के लिए स्रोत पर कानून के अनुसार कटौती की जाएगी।

**नोट: रक्षा मंत्रालय अथवा किसी संबंधित अधिकारी द्वारा झांकी के डिजाइन, प्रस्तुतिकरण अथवा विनष्टीकरण में किसी बड़े परिवर्तन की स्थिति में दरों या अतिरिक्त प्रभारों में कोई वृद्धि आवश्यक हो तो वह संबंधित अधिकारी के साथ परस्पर बातचीत और प्राप्त किए गए पूर्व अनुमोदन के आधार पर हो।**

6) यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि संपूर्ण अवधारणा रक्षा मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले ट्रैक्टर और ट्रेलर पर प्रदर्शित हो।
7) चयन करते समय गुणवत्ता और उच्च मानक प्रदर्शन प्रदान करने की क्षमता को एक प्रमुख विचार माना जाए।
8) निर्धारित समय/ तारीख अथवा अपूर्ण अथवा असम्मति या किसी अन्य स्थिति में विफलता के कारण कार्य आदेश रद्द कर दिया जाएगा और इस कार्य के लिए कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। ऐसी फर्म का नाम भविष्य में किसी भी आपूर्ति के लिए काली सूची में डाल दिया जाएगा।
9) यह दर तैयार स्थिति पर उद्धृत होनी चाहिए और इसमें अंतिम झांकी के तैयार करने, कोरियोग्राफ़ी, संगीत, म्यूजिक सिस्टम का प्रावधान, झांकी के विनष्टीकरण से संबंधित सभी प्रासंगिक प्रभार, अन्य सभी संबंधित

व्यय शामिल होने चाहिए। श्रम प्रभार, सामग्री, इत्यादि, यदि कोई हो, हेतु व्यय, झांकी निकालने में सहभागिता और अंतिम दर में रिहर्सल भी शामिल होनी चाहिए।

10) मॉडल, डिजाइन, कला का कार्य, छवि, आदि रा.आ. बैंक की संपत्ति हैं, और दो वर्ष की अवधि के लिए सुरक्षित अभिरक्षा में रखा जाएगा और जब आवश्यक हो राष्ट्रीय आवास बैंक को प्रस्तुत करना होगा। उक्त का प्रयोग चयनित एजेंसी के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक से लिखित रूप में स्पष्ट अनुमति के बिना निषिद्ध होगा।

**भाग – I**

**वाणिज्यिक बोली प्रावरण पत्र**

दिनांक :

सहायक महाप्रबंधक
राष्ट्रीय आवास बैंक
कॉर्पोरेट संचार प्रकोष्ठ
मुख्य कार्यालय,
कोर – 5ए, तीसरी मंजिल, भारत पर्यावास केंद्र, लोधी रोड,
नई दिल्ली – 110003

महोदय,

**वाणिज्यिक बोली – कॉर्पोरेट फिल्म का विकास**

हम, हस्ताक्षरकर्ता, ऊपर उल्लेखित कार्य हेतु सेवाएं प्रदान करने के लिये आपके प्रस्ताव आमंत्रण (आरएफपी सं डाले) दिनांक्ति (दिनांक ) और हमारे प्रस्ताव (तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव) के अनुसार प्रस्ताव दे रहे है। कुल शुल्क सभी करों, शुल्क, प्रभार और लेवी सहित (जैसा लागू हो और स्थानीय कानूनों के तहत देय) है और कर्मचारी द्वारा किया गया खर्च जो हमारे द्वारा लिया जा सकता है और इसके अतिरिक्त कोई शुल्क नहीं है।

हमारा वाणिज्यिक प्रस्ताव हम पर बाध्यकारी होगा जो अनुबंध परिचर्चा के अनुसार संशोधन की वैधता अवधि की समाप्ति के अधीन है ।

भवदीय,

हेतु ……………

हस्ताक्षरकर्ता

नाम

पता

(अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK

**भाग – II**

**वाणिज्यिक बोली प्रारुप**

1. **संरचना और रा.आ.बैंक की झांकी का प्रदर्शन (90 प्रतिशत का भार)**

| क्रम. सं. | वस्तु विवरण | मूल्य/दर | कर | कुल राशि (सभी करों सहित) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजपथ, नई दिल्ली पर 26 जनवरी, 2017** को गणतंत्र दिवस की परेड पर रा.आ.बैंक की झांकी की संरचना और का प्रदर्शन | | | |

***सभी कीमतें और लागू कर से संबद्ध लेवी को छोड कर भारतीय रुपयों में होना चाहिए।***

**नोट :**

1. **बोलीकर्ता को वाणिज्यिक बोली केवल उपरोक्त निर्धारित प्रारूप में जमा करनी होगी। लागू सेवा कर के अतिरिक्त जैसा की प्रस्ताव आमंत्रण में निर्दिष्ट किया गया है, जो कि राष्ट्रीय आवास बैंक के द्वारा वास्तविक रूप से जिसका भुगतान किया जाएगा।**